भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित

रानी दुर्गावती बालिका अनुसूचितजनजाति छात्रावास
गोपालपुरा, रायसेन

सत्र - 2011 - 2012



संपर्क

श्री कैलाश चौधरी-9926378351 श्री बुधपालसिंह-9826811219
श्री नीलेश चतुर्वेदी-9589568385 श्री सुरेन्द्र शर्मा-9755342799

विवरण पत्रक 2011-12

विद्यालय की विशेषताएँ

रानी दुर्गावती बालिका अनुसूचितजनजाति छात्रावास की बहिनों के अध्ययन की व्यवस्था '' सरस्वती विद्या मंदिर रामलीला मैदान रायसेन'' के विद्यालय मे रहेगी। सरस्वतीपुरम् रायासेन बस स्टैण्ड़ से 0.2 कि.मी. की दूरी पर सांची रोड पर स्थित है।

यह विद्यालय विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान म.प्र. के निर्देशन में संचालित है। इसकी सम्बद्धता माध्यमिक शिक्षा मण्ड़ल म.प्र. भोपाल से है। माध्यमिक शिक्षा मण्ड़ल के पाठ्यक्रम के साथ बहिनों के सर्वांगीण विकास के लिए अन्य विषयो एवं कार्यक्रमों को इस विद्यालय में औपचारिक रूप से विशिष्ट स्थान प्राप्त है। पाठ्यक्रम में कम्प्यूटर, घोष शिक्षण, नैतिक शिक्षा, योग शिक्षा, संगीत, शारीरिक, संस्कृत शिक्षा एवं भारत-दर्शन कार्यक्रम का विशिष्ट समायोजन है। शिक्षा का माध्यम हिन्दी है किन्तु Spoken English एवं वैदिक गणित की नियमित कक्षाएँ लगाई जाती है।

विशेषताएँ

1. मन के साथ तन के विकास हेतु विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण।
2. गायन वादन का दक्ष शिक्षकों द्वारा शिक्षण।
3. कलात्मक अभिरूचि के अंतर्गत चित्रकला, पाककला एवं हस्तकला का प्रशिक्षण।
4. कम्प्यूटर हेतु योग्य शिक्षक एवं इंटरनेट से सुव्यवस्थित कम्प्यूटर कक्ष।
5. पूर्ण सुसज्जित पुस्तकालय की व्यवस्था।
6. गणित, भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान प्रयोगशाला की व्यवस्था।

छात्रावास परिचय

गुरूकल शिक्षा पद्धति से संस्कारित, प्रखर एवं उत्कृष्ट नेतृत्व करने वाली बालिकाओं का निर्माण कर समाज की कुरीतियों को दूर करते हुये उनमें वांछित परिवर्तन लाने के उद्देश्य से भाऊराव देवरस सेवा न्यास भोपाल द्वारा रायसेन के समीप प्रकृति के सुरम्य अंचल में शहर के कोलाहलपूर्ण वातावरण से दूर तथा सब प्रकार से प्रदूषण रहित विशाल परिसर में वर्ष 2011 से रानी दुर्गावती बालिका अनुसूचितजनजाति छात्रावास का श्रीगणेश किया जा रहा है।

रानी दुर्गावती बालिका अनुसूचितजनजाति छात्रावास वनवासी क्षेत्र की मेधावी एवं तेजस्वी बालिकाओं के लिये प्रारंभ किया जा रहा है जिन्हें अध्ययन हेतु पर्याप्त सुविधायें उपलब्ध नहीं है। आर्थिक निर्बलता, योग्य बालिकाओं के आगे बढ़ने के अवसर में बाधा न बनें ऐसा प्रयास है।

छात्रावास का उपयुक्त आकार का भवन है जिसमें विज्ञान की प्रयोगशालाएं, कम्प्यूटर लेब एवं पुस्तकालय है। अन्नपूर्णा भोजन कक्ष पृथक से है। बहिनों के लिये सादे एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था है। इस आधुनिक गुरूकुल मे सुयोग्य एवं समर्पित दीदी आचार्यो द्वारा छात्रों के सतत् सम्पर्क मे रहकर शिक्षा के साथ उनके सर्वांगीण विकास का पूरा-पूरा प्रयास किया जाता है।

प्रवेश सम्बंधी सूचनाएँ

1. सत्र 2011-12 कक्षा चतुर्थी से अष्टम में प्रवेश हेतु 40 स्थान रिक्त है। कक्षाओं में रिक्त स्थान सीमित है। छात्रावास में प्रवेश हेतु मेधावी छात्रा परीक्षा उत्तीर्ण करना आवश्यक है।
2. मेधावी छात्रा परीक्षा दिनांक 5 जून 2011 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक छात्रावास परिसर में सम्पन्न होगी।
3. मेधावी छात्रा परीक्षा हेतु आवेदन 31 मई 2011 तक निर्धारित प्रारूप में हस्तलिखित/टंकित प्रपत्र में अनिवार्य रूप में जमा करें। आवेदन पत्र में छात्रा का फोटो व उत्तीर्ण कक्षा की अंकसूची की फोटोकॉपी अनिवार्य रूप से संलग्न करना है।
4. मेंधावी छात्रा परीक्षा शुल्क 100/- रूपये जमा करना होगा।
5. परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र नहीं भेजे जाएंगे। प्रवेश परीक्षा हेतु अनुक्रमांक विद्यालय के सूचना फलक पर परीक्षा तिथि के दिन देखिये।
6. मेधावी छात्रा परीक्षा में जिस कक्षा में प्रवेश चाहिए उस कक्षा की पूर्व कक्षा (उत्तीर्ण कक्षा) के पाठ्यक्रम पर आधारित एक संयुक्त प्रश्न पत्र होगा। इसमें-गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान/सामान्य ज्ञान एवं सामान्य बुद्धिमता+तर्क शक्ति के वस्तुनिष्ठ एवं वर्णनात्मक प्रश्न होगें। परीक्षा अवधि 2 घण्टे निर्धारित है।

7. मेधावी छात्रा परीक्षा तथा उत्तीर्ण कक्षा दोनो में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है।

8. परीक्षा के तीन घंटे बाद पात्रता की प्रावीण्य सूची सूचना पटल पर लगा दी जायेगी। प्रवेश संबंधी जानकारी कार्यालय से अवश्य प्राप्त करें।

शिक्षा सत्र

शिक्षा सत्र शासकीय नियमानुसार 16 जून 2011 से 31 मार्च 2012 तक होगा। इस समयावधि में ग्रीष्मकालीन अवकाश मई एवं जून मे रहेगा एवं दीपावली पर अवकाश रहेगा।

शुल्क विवरण

व्यवस्था शुल्क	कक्षा 4 एवं 5	छात्रावास निधि रू. 3000/-
	कक्षा 6 एवं 8	छात्रावास निधि रू. 4000/-

नोट : 1. नवीन प्रवेश लेने वाली बहिनों को प्रवेश शुल्क 50/- रूपये देना होगा।
2. शुल्क संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

सूचनायें

1. अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त शुल्क पर मासांत तक 100/- रूपये विलंब शुल्क देय होगा। इसके पश्चात् प्राप्त शुल्क 50/- रूपये प्रतिमाह की दर से अतिरिक्त विलंब शुल्क देय होगा।

2. उक्त नियमों में संशोधन व शुल्क परिवर्तन का अधिकार विद्यालय के पास सुरक्षित होगा।

3. शुल्क जमा करने के उपरांत ही बहिन को छात्रावास में प्रवेश दिया जा सकेगा।

D.K., BPL